**कार्यालय मुख्य वन सरंक्षक/नोडल अधिकारी, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।**

पत्रांकः–1015 /11–सी–FP/UP/water/155109/2022, लखनऊ, दिनांकः सितम्बर 16 ,2022

सेवा में,

उप वन महानिदेशक(केन्द्रीय),
भारत सरकार,
पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मन्त्रालय,
एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय (मध्य क्षेत्र),
केन्द्रीय भवन, अलीगंज, लखनऊ।

विषयः– उ0प्र0 जल निगम द्वारा जल जीवन मिशन के अंतर्गत सला ग्राम समूह पेयजल योजना में पेय जल पाइप लाइन बिछाने में जनपद–जालौन में प्रभावित 4.7727 हे0 संरक्षित वनभूमि बिना वृक्ष पातन के एवं जनपद–झांसी में प्रभावित 0.006 हे0 संरक्षित एवं 0.75 हे0 आरक्षित वनभूमि तथा बाधक 20 वृक्ष/पौधों के पातन अर्थात कुल 5.5287 हे0 वनभूमि के गैर वानिकी प्रयोग एवं बाधक 20 वृक्ष/पौधों के पातन की अनुमति के संबंध में।

संदर्भः– भारत सरकार का पत्रांक–8बी/यू0पी0/08/155/2022/एफ0सी0/280, दिनांक 25.07.2022, वन संरक्षक/क्षेत्रीय निदेशक, बुन्देलखण्ड वृत्त, झांसी का पत्रांक–275/33–1, दिनांक 13.09.2022

महोदय,

उपरोक्त संदर्भित पत्रों का अवलोकन करने की कृपा करें। भारत सरकार के उपरोक्त संदर्भित पत्र के द्वारा विषयगत प्रकरण में की गयी आपत्तियों का निराकरण कर वांछित बिन्दुवार सूचना एवं उससे सम्बन्धित अभिलेख वन संरक्षक/क्षेत्रीय निदेशक, बुन्देलखण्ड वृत्त, झांसी के उपरोक्त पत्रांक–275/33–1, दिनांक 13.09.2022 द्वारा इस कार्यालय को प्रेषित किया गया है।

अतः उपरोक्त पत्र की छायाप्रति सहित वांछित सूचना एवं उससे सम्बन्धित अभिलेख सीडी सहित इस अनुरोध के साथ संलग्न कर प्रेषित है कि कृपया विषयगत प्रकरण में आवश्यक अग्रेत्तर कार्यवाही करने की कृपा करें।

**संलग्नकः उपरोक्तानुसार (सीडी सहित)।**

भवदीय,

**(अनुपम गुप्ता)**
मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी,
उ0प्र0, लखनऊ।

**पत्रांकः– 1015 /11–सी–FP/UP/water/155109/2022, दिनांकित।**

प्रतिलिपिः– अपर मुख्य सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ को संलग्नक सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

**संलग्नकः उपरोक्तानुसार (सीडी सहित)।**

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित अधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. वन संरक्षक/क्षेत्रीय निदेशक, बुन्देलखण्ड वृत्त, झांसी।
2. प्रभागीय वनाधिकारी, जालौन एवं झांसी।
3. अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, उ0प्र0 जल निगम, उरई।

**(अनुपम गुप्ता)**
मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी,
उ0प्र0, लखनऊ।

Acy-1167